प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अधिकारियों के दल के साथ आज देर शाम स्पेन तथा स्वीडेन के लिए होंगे रवाना, झारखंड में विदेशी पूंजी निवेश को लेकर निवेशकों से करेंगे संवाद।
2. रांची के नामकुम में भारतीय वायु सेना का दो दिवसीय एयर शो कल से, कार्यक्रम स्थल से 200 मीटर की परिधि नो फ्लाई जोन घोषित, मांस–मछली की बिक्री पर भी रोक।
3. जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह को मदद करने वाले आईआरबी के 6 जवान होंगे बर्खास्त, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की अनुशंसा।
4. रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक तेज हवा और गरज के साथ बारिश की संभावना, हवा के रुख में बदलाव से मौसम में हो रहा बदलाव।
5. रांची में तीन मई से शुरू होने वाली सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियां तेज, भूटान के आठ एथलीटों के दल का आज होगा आगमन।

*************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अधिकारियों के दल के साथ आज देर शाम नई दिल्ली से स्पेन और स्वीडेन के लिए रवाना होंगे। उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने बताया कि झारखंड में विदेशी पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए लेकर स्पेन के बार्सिलोना और मैड्रिड में इक्कीस और बाइस अप्रैल को निवेशकों के साथ मुख्यमंत्री संवाद करेंगे। वहीं, 25 अप्रैल को स्वीडन के गोथलबर्ग में क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के साथ बैठक करेंगे।

उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर सवाल खडे किये हैं। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ये दौरा भविष्य में जांच का विषय होगा।

*************************

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मंडाविया झारखंड के दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज धनबाद में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इससे पहले कल उन्होंने रांची के नामकुम में नव विकसित दो सौ बीस बिस्तरों की क्षमता वाले अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ईएसआईसी अस्पताल राज्य को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से 50 सीट वाले मेडिकल कॉलेज की भी शुरुआत होगी। यहां एमबीबीएस की 40 प्रतिशत सीटें श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित रहेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

*************************

भारतीय वायु सेना की ओर से राजधानी रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में 19 और 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले एयर शो की चल रही तैयारियों को लेकर जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को सवेरे 6 बजे से 20 अप्रैल की रात 11बजे तक कार्यक्रम स्थल की 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। वहीं, नामकुम आर्मी ग्राउंड के आसपास मांस–मछली की बिक्री पर भी रोक रहेगी।

*************************

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। बोकारो के बालीडीह में सरहुल मिलन समारोह में शामिल होने आए चंपाई सोरेन ने कहा कि संताल में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है।

*************************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल परीक्षा, सीजीएल में अभ्यर्थियों से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के मामले में पैसे की ठगी करने वाले गिरोह को सहयोग करने वाले इंडिया रिजर्व बटालियन के छह निलंबित जवानों को बर्खास्त करने की अनुशंसा की

है। उन्होंने बताया की सीजीएल परीक्षा की पेपर लीक मामले की जांच के दौरान इन जवानों की संलिप्पता का मामला सामने आया था। इनमें पांच जवान गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि एक फरार है।

*************************

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है–विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट। यह दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए प्रति वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आज देश के सभी संरक्षित स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की है।

*************************

खूंटी जिला के कमांता आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा के तहत खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी समेत कई अन्य गतिविधियों के जरिए महिलाओं को जागरुक किया गया। सेविका संगीता अनिता होरो ने कहा कि बच्चों को प्रोटीनयुक्त भोजन देने से उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है।
साउंड बाइट– अनिता होरो (पोषण पखवाड़ा) – 9 सेकेंड

सेविका देवकी हस्सा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं आयरन की गोलियां देना काफी फायदेमंद है।
साउंड बाइट– देवकी हस्सा, (पोषण पखवाड़ा) – 9 सेकेंड

लाभुक किरण भेंगरा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

*************************

सरायकेला–खरसावां जिले में मत्स्य उत्पादन और जल कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है।

*************************

हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह का फेसबुक आईडी साइबर अपराधियों द्वारा हैक किए जाने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में पुलिस अधीक्षक ने लोगों से हैक आईडी के माध्यम से पैसा मांगे जाने संबंधी कोई भी जानकारी पुलिस को देने को कहा है।

*************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार सात सौ तिरपन रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत 98 हजार पांच सौ 95 रुपये प्रति किलो है।

*************************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से तीन दिनों तक तेज हवा और गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम में यह बदलाव हवा के रुख में परिवर्तन के कारण देखने को मिल सकता है। वहीं इस महीनें के अंत तक मौसम में परिवर्तन का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

*************************

रांची की मेजबानी में तीन मई से शुरु होने वाली चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप–सैफ की तैयारियां तेज हो गई है। राजधानी के खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में पांच मई तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए भूटान की आठ सदस्यीय टीम का आज रांची आगमन हो रहा है।

******************